बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार
32, हार्डिंग रोड, पटना–800001
फोन– 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bih.nic.in

पटना/ दिनांक 16/07/2019

# अधिसूचना

संख्या–नि॰प्रा॰/नि॰ 1–03/2017....1055.....चूँकि बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 की धारा 14 (क) में किये गये संशोधन एवं सहकारिता विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या–1273 दिनांक 01.03.2012 के क्रम में उक्त अधिनियम के तहत निबंधित सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति, जो या तो अधिक्रमित हैं या जिनकी कालावधि समाप्त होने वाली है, का निर्वाचन बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के नियंत्रण, निदेशन एवं पर्यवेक्षण के अधीन कराया जाना है।

और, चूंकि उक्त परिप्रेक्ष्य में प्राधिकार द्वारा तत्काल **2 प्रखंडस्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के प्रबंधकारिणी समिति का निर्वाचन कराने का निर्णय लिया गया है।**

अतः बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा–4 एवं बिहार सहकारिता अधिनियम, 1935 (यथा संशोधित, 2008) की धारा 14 'क' तथा सुसंगत नियमावलियों के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन प्राधिकार एतद् द्वारा संलग्न **अनुलग्नक–2** में अंकित कार्यक्रम के अनुसार **अनुलग्नक**–1 में अंकित कुल दो मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के उनकी उपविधियों में यथा वर्णित पदों के लिए निर्वाचन हेतु सविरोध निर्वाचन की स्थिति में, मतदान हेतु **दिनांक 20.08.2019 (मंगलवार)** की तिथि नियत करता है तथा संबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति के मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे संगत अधिनियम/ नियमावली/ प्राधिकार के निदेशों के अधीन समिति के पदधारकों को निर्वाचित करें। ज्ञातव्य है कि इस उद्देश्य हेतु प्राधिकार द्वारा अपने पत्र संख्या–809 दिनांक 04.06.2019 से मतदाता सूची तैयार करने के लिए कट–ऑफ तिथि 31.05.2019 निर्धारित की गयी है एवं तदनुसार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन दिनांक 01.07.2019 को संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा किया जा चुका है।

सहकारिता विभाग की अधिसूचना संख्या 4338 दिनांक 26.05.2017 एवं प्राधिकार की अधिसूचना संख्या 407 दिनांक 27.05.2017 के तहत प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति में अध्यक्ष/सचिव के पद को छोड़कर कुल संख्या के 50 प्रतिशत के यथाशक्य निकटतम किंतु 50 प्रतिशत से किसी परिस्थिति में अधिक नहीं पद महिलाओं के लिए आरक्षित रहेंगे। दूसरे शब्दों में मत्स्यजीवी सहयोग समिति में प्रबंधकारिणी समिति के ग्यारह सदस्यों के पद में से पॉच पद महिलाओं के लिए आरक्षित होगें। महिला सदस्य नहीं रहने की स्थिति में ये पद रिक्त रहेंगे।

निर्वाचन पदाधिकारी प्रबंधकारिणी समिति के विभिन्न पदों के निर्वाचन के लिए **प्रपत्र–ई॰ 1** में आवश्यक प्रविष्टियां अंकित कर सूचना **दिनांक 22.07.2019 (सोमवार)** को निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे।

जिन मत्स्यजीवी सहयोग समितियों का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया जा रहा है, उन समितियों के संबंध में संबंधित निर्वाचन पदाधिकारी संवीक्षा की तिथि को **प्रपत्र–ई॰ 6** में विधिमान्य अभ्यर्थियों की सूची तथा मतगणना की तिथि को **प्रपत्र–ई॰ 18** में निर्वाचित सदस्यों की सूची उन्हीं

तिथियों को फैक्स **(0612-2231562, 2215089)** अथवा ई-मेल **(bseapatna@gmail.com)** द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

16/07/19

(गिरीश शंकर)

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1055 पटना/ दिनांक 16/07/2019

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 1055 पटना/ दिनांक 16/07/2019

प्रतिलिपि : संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/ संबंधित जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०)/ संबंधित पुलिस अधीक्षक/ संबंधित नोडल पदाधिकारी/ संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. सभी संबंधित जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 1055 पटना/ दिनांक 16/07/2019

प्रतिलिपि : संबंधित जिला सहकारिता पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. उनसे अनुरोध है कि वे संबंधित समिति की उपविधि दिनांक 20.07.2019 (शनिवार) तक निश्चित रूप से संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०) को उपलब्ध करा देने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तथा उपविधियां के आधार पर जिन-जिन पदों के लिए निर्वाचन कराया जाना है, उसका विवरण भी अधिसूचना में निहित निदेशों के अनुसार आरक्षित पदों की स्थिति सहित निर्वाचन पदाधिकारी को लिखित रूप में उपलब्ध करा देंगे। साथ ही इस कार्यक्रम की सूचना अपने स्तर से भी संबंधित समितियों को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 1055 पटना/ दिनांक 16/07/2019

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**मुख्य चुनाव पदाधिकारी**

ज्ञापांक : 1055 पटना/ दिनांक 16/07/2019

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

ज्ञापांक : 1055 पटना/ दिनांक 16/07/2019

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना के कोषांग/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी/ सांख्यिकी पर्यवेक्षक, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी

अनुलग्नक-1

## निर्वाचन देय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों की सूची

| क्र० | जिला का नाम | प्रखंड का नाम | सहकारी समितियों का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | पूर्वी चम्पारण | छौड़ादानो | छौड़ादानो प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |
| 2 | बक्सर | ब्रह्मपुर | ब्रह्मपुर प्रखंड मत्स्यजीवी स0स0लि0 |

अनुलग्नक-2

# मत्स्यजीवी सहयोग समितियों का निर्वाचन 2019

## निर्वाचन कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र-ई० 1 में सूचना का प्रकाशन | 22.07.2019 (सोमवार) |
| (ii) | नामांकन की तिथि एवं समय | 07.08.2019(बुधवार) एवं 08.08.2019 (गुरूवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 09.08.2019 (शुक्रवार) एवं 10.08.2019 (शनिवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 13.08.2019 (मंगलवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 20.08.2019 (मंगलवार)<br>7 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (vi) | मतगणना | 20.08.2019 (मंगलवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |